## संपादकीय

# बुरे फंसे भारतीय छात्र

अमेरिका में 'पे ऐंड स्टे' गिरोह का भंडाफोड़ होने से वहां अनेक भारतीय छात्र मुसीबत में फंस गए हैं। दरअसल बीते बुधवार को एक फर्जी विश्वविद्यालय के सहारे चल रहे एक इमिग्रेशन रैकेट का पता चला। इसे चलाने के आरोप में आठ भारतीय व भारतीय मूल के अमेरिकी लोगों को गिरफ्तार किया गया। उसके बाद अमेरिका के आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग ने विश्वविद्यालय से 130 छात्रों को भी गिरफ्तार कर लिया, जिनमें 129 भारतीय हैं। आरोप है कि ये छात्र इसमें पढ़ने के लिए रजिस्टर्ड थे, लेकिन पढ़ाई करने के बजाय देश भर में काम कर रहे थे। छात्रों की गिरफ्तारी से भारत में उनके परिजनों में हड़कंप मच गया। उनका कहना है कि छात्रों को यह पता नहीं था कि यूनिवर्सिटी फर्जी है।

छात्रों से कहा गया था कि अगर वे इसमें दाखिला लेते हैं तो उन्हें काम करने की अनुमति मिलेगी। उन्हें लगा कि यह एक अधिकृत यूनिवर्सिटी है और उन्हें वर्क प्रोग्राम के लिए एफ-1 वीजा मिल जाएगा। लेकिन वे उस जाल में फंस गए। बावजूद इसके अमेरिकी प्रशासन ने इन छात्रों के साथ ऐसा सख्त रवैया अपनाया जैसे वे अपराधी हों। हिरासत के दौरान कई छात्रों को ट्रैकिंग डिवाइस लगाई गई। उन्हें एक सीमा से बाहर नहीं जाने को कहा गया। हालांकि प्रशासन के इस रवैये की आलोचना भी हो रही है। भारतीय मूल के प्रतिष्ठित अमेरिकी नागरिकों और कुछ मीडिया संगठनों ने कहा है कि निर्दोष छात्रों को फंसाना गैरकानूनी और अनैतिक है।

भारत ने छात्रों को हिरासत में लिए जाने पर फि जताते हुए अमेरिकी दूतावास को शनिवार को 'डिमार्श' जारी किया। भारत ने उन छात्रों तक राजनयिक पहुंच की मांग भी की है। विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी दूतावास से कहा कि ऐसा हो सकता है कि छात्रों को झांसे में ले लिया गया हो। इसलिए उनके साथ उस तरह का बर्ताव नहीं किया जाना चाहिए जैसा उनसे ठगी करने वालों के साथ किया जा रहा है। इस बीच भारतीय छात्रों से जुड़े सभी मुद्दों से निपटने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जाहिर है, इस प्रकरण में भारत के कुछ लोग भी शामिल होंगे। जो लोग अमेरिका में इस गोरखधंधे में लगे थे, उनके तार निश्चय ही भारत से जुड़े होंगे। भारत के अपने सूत्रों के जरिए वे छात्रों से संपर्क साधते होंगे।

# लुटियंस जोन से आधे दाम पर लंदन में अपार्टमेंट खरीद रहे भारतीय

**मुंबई (आरएनएस)।** यूरोपियन यूनियन से मार्च में बाहर जाने या न जाने के मुद्दे पर ब्रिटेन में सियासी घमासान हो रहा है। हालांकि इसकी वजह से अमीर भारतीयों को ब्रिटेन में अच्छी रियल्टी डील्स मिल रही हैं। ब्रेग्जिट पर ऊहापोह के कारण ब्रिटेन में आर्थिक अनिश्चितता का माहौल बन गया है। इसके कारण लंदन और दूसरे शहरों में प्रॉपर्टी के दाम गिरे हैं। ब्रिटिश प्रॉपर्टी कंसल्टेंट क्लूटॉन्स के अनुसार, लंदन के लकदक इलाकों में प्रॉपर्टी का दाम 5-7 प्रतिशत गिरा है और सालभर में यह गिरावट 10 प्रतिशत तक जा सकती है।

ब्रिटेन के कुछ रियल्टी डिवेलपर्स और रियल एस्टेट एजेंट्स के अनुसार, दाम घटने के कारण अमीर भारतीय इंग्लैंड के शहरों में प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं और ऐसे भारतीयों की संख्या 15-20 प्रतिशत तक बढ़ी है।

**दिल्ली-मुंबई में दोगुने दाम**

लंदन के लिवरपूल स्ट्रीट, ऑक्सफोर्ड स्ट्रीट, बॉन्ड स्ट्रीट और बेकर स्ट्रीट सरीखे पॉश इलाकों में मिड-साइज्ड अपार्टमेंट्स 9 करोड़ से 14 करोड़ रुपये तक में बिक रहे हैं। दिल्ली के लुटियंस जोन या साउथ मुंबई में इस तरह की प्रॉपर्टीज के दाम इससे करीब दोगुने हैं।



**प्रॉपर्टी मार्केट में प्राइस करेक्शन**

ब्रिटेन की प्रमुख डिवेलपर रीगल लंदन में ज्वाइंट सीईओ साइमन डी फ्रेंड ने कहा, लंदन के काफी महंगे माने जाने वाले मेफेयर और वेस्टएंड इलाकों के आसपास सुपर-प्राइम प्रॉपर्टी मार्केट में प्राइस करेक्शन की रिपोर्ट्स हैं।

जेएलएल, सैविल्स, राइटमूव और सीबीआरई जैसी कंसल्टिंग फर्म्स पूरे ब्रिटेन में प्राइस फ्लैट रहने या घटने के ट्रेंड का अनुमान दे रही हैं। रियल एस्टेट से जुड़ी एक प्रोफेशनल इकाई रॉयल इंस्टीट्यूशन ऑफ चार्टर्ड सर्वेयर्स का मानना है कि ब्रेग्जिट से जुड़ी अनिश्चितता और परिवारों के खर्च पर लगाम कसने के कारण आने वाले महीनों में रियल एस्टेट के लिए डिमांड कमजोर रह सकती है।

डी फ्रेंड ने कहा, यूरोपियन यूनियन से ब्रिटेन के निकलने की तैयारी से मार्केट के टॉप ऐंड पर असर पड़ा है। पिछले पांच वर्षों में हमारे लंदन डिवेलपमेंट पोर्टफोलियो में प्रॉपर्टीज खरीदने की चाहत रखने वाले भारतीयों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

**45 हजार रुपये प्रति वर्ग फुट**

रीडिंग, मेडनहेड, स्लो, टैप्लो और कैनरी ह्वार्फ सरीखे लंदन के नए इलाकों में अपार्टमेंट्स करीब 45000 रुपये प्रति वर्ग फुट के रेट पर बेचे जा रहे हैं, जो मुंबई के अपेक्षाकृत विकसित उपनगरों में अपार्टमेंट्स का रेट है।

# आरबीआई नीतिगत ब्याज दर 0.25 % कम कर सकता है: एसबीआई रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रास्फीति में नरमी को देखते हुए इस सप्ताह के अंत में नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत तक कटौती कर सकता है। एसबीआई रिसर्च ने सोमवार को यह बात कही। आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक मंगलवार को शुरू होगी और दरों की घोषणा सात फरवरी को होगी।

एसबीआई इकोरैप ने कहा, रिजर्व बैंक के फरवरी में अपने रुख में बदलाव करने की उम्मीद है, हालांकि दरों में वृद्धि करने की संभावना कम ही है। दरों में पहली कटौती अप्रैल 2019 में की जा सकती है। हालांकि, अगर बैंक सात फरवरी को दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करता है तो हमें हैरानी नहीं होगी।



रिजर्व बैंक की नीतिगत दर (रेपो) अभी 6.50 प्रतिशत है। रिजर्व बैंक ने 1 अगस्त 2018 को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत बढा कर 6.50 प्रतिशत किया था। इसी दर पर वह बैंकों को एक दिन के लिए उधार देता है। इसके बढ़ने से बैंकों का कर्ज महंगा हो जाता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दरअसल इस बात के कुछ कारण है, जिसे देखकर लगता है कि आरबीआई कटौती कर सकता है। पहला प्रमुख मुद्रास्फीति अब भी नीचे स्तर पर बनी हुई और वृद्धि दर नरम है। दूसरा, जनवरी में ऋण वृद्धि में दूसरे पखवाड़े में गिरावट आई है।

केंद्रीय बैंक ने पिछली तीन मौद्रिक समिति बैठक में नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखा है। इससे पहले इस वित्त वर्ष में दो बार 0.25-0.25 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी।

# इसी महीने 10,000 फ्लैटों की स्कीम लेकर आएगा डीडीए

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** डीडीए की नए फ्लैट्स वाली हाउसिंग स्कीम को 20 फरवरी से पहले ही लॉन्च करने की तैयारी है। डीडीए की इस स्कीम में कम से कम 10,000 फ्लैट्स होंगे, यह तय हो गया है। अब डीडीए कोशिश कर रहा है कि इन फ्लैट्स को बढ़ाकर 12 से 13 हजार तक कर दिया जाए। इसके लिए डीजेबी से अंतिम दौर की बातचीत शुरू हो गई है।

इस बार ये सभी फ्लैट्स पिछली स्कीमों से बड़े होंगे और रेडी टू मूव होंगे। जिन जगहों पर पानी के कनेक्शन मिलने में परेशानी है उन्हें डीडीए स्कीम में शामिल नहीं कर रहा है।



डीडीए इस स्कीम में 21 हजार फ्लैट्स उतारने की तैयारी कर रहा था। फ्लैट्स लगभग बनकर तैयार भी हो गए हैं लेकिन डीजेबी की तरफ से इतने सारे फ्लैट्स को पानी देने में समस्या आ रही है। अभी तक 10,000 फ्लैट्स के लिए ही पानी का इंतजाम हो सका है। इस स्कीम में एलआईजी, एचआईजी, एमआईजी और ईडब्ल्यूएस के फ्लैट्स शामिल होंगे।

# इन किसानों को सालाना छः हजार रुपये देगी सरकार

**बन गया पीएम किसान योजना का नियम**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अगर किसी ने 1 फरवरी के बाद खेती योग्य जमीन का छोटा सा टुकड़ा भी खरीदा तो उसे अगले पांच वर्षों तक पीएम किसान योजना के तहत सालाना 6 हजार रुपये नहीं मिलेंगे। 1 फरवरी को पेश अंतरिम बजट में मोदी सरकार ने पीएम किसान के नाम से किसानों को तयशुदा आमदनी की योजना का ऐलान किया।



**1 फरवरी की डेडलाइन**

अब इस योजना के नियम-शर्तों का ब्योरा आ चुका है। इसमें कहा गया है कि जिन लोगों का नाम 1 फरवरी 2019 तक लैंड रेकॉर्ड्स में पाया जाएगा, वे ही इस पीएम किसान योजना का लाभ पाने के हकदार होंगे। उसके बाद लैंड रेकॉर्ड्स में हुए बदलाव के जरिए जमीन के नए मालिक बने किसानों को अगले पांच वर्षों तक योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा।

**उत्तराधिकारी अंदर, खरीदार बाहर**

केंद्रीय कृषि सचिव संजय अगरवाल ने योजना के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया, हालांकि उत्तराधिकार के कारण कृषियोग्य भूमि के मालिकाना हक में 1 फरवरी की समयसीमा के बाद हुए बदलाव के बावजूद योजना का लाभ दिया जाएगा, लेकिन जमीन खरीद के मामले में अगले पांच वर्षों तक सालाना 6,000 रु. का लाभ नहीं मिलेगा।

**दिशा-निर्देश तय**

उन्होंने आगे कहा, हमने विस्तृत दिशा-निर्देश तय कर लिया है। अगर राज्यों को कुछ सुझाव देना होगा तो उन पर विचार करते हुए इसे मंगलवार तक जारी कर दिया जाएगा।

**पहली किस्त के लिए आधार जरूरी नहीं**

पीएम किसान स्कीम के तहत पांच एकड़ से कम कृषि योग्य भूमि वाले छोटे एवं सीमांत किसानों को तीन किस्तों में सालाना 6,000 रु. देने का ऐलान किया गया है। खबरें आ रही हैं कि केंद्र सरकार आम चुनाव से पहले किसानों को एक या दो किस्त जारी कर देना चाहती है। इसके लिए राज्यों से कहा गया है कि 2,000 रु. की पहली किस्त लेने के लिए किसानों को आधार देने की अनिवार्यता नहीं रहेगी।

# नए एफडीआई नियमों के बाद फ्लिपकार्ट को बेच सकती है वॉलमार्ट: मॉर्गन स्टेनली

**मुंबई (आरएनएस)।** रिटेल सेक्टर में एफडीआई के नए नियमों से इंडस्ट्री हिल गई है। वॉल स्ट्रीट दिग्गज मॉर्गन स्टैनली ने कहा है कि नए नियमों की वजह से वॉलमार्ट फ्लिपकार्ट को बेचकर भारतीय बाजार से उसी तरह निकल सकती है, जैसे ऐमजॉन ने चीन को छोड़ा था।

4 फरवरी की इस रिपोर्ट में ब्रोकरेज फर्म ने कहा है, भारतीय ई-कॉमर्स बाजार के जटिल होने से यहां से बाहर निकल जाने की संभावना है। यह रिपोर्ट 1 फरवरी से ई-कॉमर्स सेक्टर के लिए बदले एफडीआई नियमों के आलोक में आई है। दिसंबर में सरकार की ओर से जारी निर्देश में कहा गया कि ऑनलाइन मार्केटप्लेसेज को उन कंपनियों का सामान बेचने की अनुमति नहीं होगी जिनमें उनका निवेश है।




**कुछ ही महीने पहले खरीदी 77 फीसदी हिस्सेदारी** – खुदरा कारोबार क्षेत्र की दिग्गज अमेरिकी कंपनी वॉलमार्ट इंक ने भारत के ऑनलाइन खुदरा मंच फ्लिपकार्ट में 77 प्रतिशत हिस्सेदारी अगस्त 2018 में खरीदी थी। वॉलमार्ट के पास फ्लिपकार्ट की 77 फीसदी हिस्सेदारी है।

**जैसे ऐमजॉन ने चीन को कहा अलविदा**– वॉलमार्ट के लिए फ्लिपकार्ट जोखिम मूल्यांकन शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है, एग्जिट के लिए एक मिसाल मौजूद है, जैसा कि 2017 के अंत ऐमजॉन ने चीन में फायदा ना देखते हुए बाहर निकलने का फैसला किया था।

**नए नियमों का यह असर**– मॉर्गन स्टैनली के मुताबिक, नए नियमों के तहत फ्लिपकार्ट को साइट से अपने करीब 25 फीसदी प्रॉडक्ट्स को बाहर करना होगा। स्पाई चेन और एक्सक्लूसिव डील्स में अनिवार्य बदलाव की वजह से स्मार्टफोन्स और इलेक्ट्रॉनिक सेगमेंट पर इसका त्वरित और बड़ा असर होगा।

# देश की चार बड़ी आईटी कंपनियों ने 9 महीने में 70 हजार लोगों को नौकरी दी

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** पिछले वित्त वर्ष में देश की आईटी इंडस्ट्री में जॉब ग्रोथ सुस्त थी, लेकिन अब यह रफ्तार पकड़ रही है। देश की चार टॉप आईटी सर्विसेज कंपनियों के डेटा से यह जानकारी मिली है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंफोसिस, विप्रो और एचसीएल टेक्नॉलजीज ने दिसंबर 2018 तक के 9 महीनों में 70,000 से ज्यादा लोगों को नौकरी दी है, जो 2017-18 के मुकाबले 5 गुना ज्यादा है। इन चारों कंपनियों की संयुक्त आमदनी 46 अरब डॉलर है। इन्होंने वित्त वर्ष 2018 में 13,972 लोगों को हायर किया था।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग में धोनी की छलांग, विराट नंबर 1 पर कायम

**दुबई (आरएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया सीरीज में लगातार 3 अर्धशतक मारने वाले भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईसीसी वनडे बल्लेबाजों की सोमवार को जारी ताजा रैंकिंग में 3 स्थान ऊपर आ गए हैं। यह दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 17वें स्थान पर आ गया है। धोनी ने ऑस्ट्रेलिया में खेली गई तीन वनडे मैचों की सीरीज में क्रमशः 51, नाबाद 55 और नाबाद 87 रनों की पारी खेली थी। उनके इस प्रदर्शन ने भारत को पहली बार ऑस्ट्रेलिया में द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीतने में मदद की।



भारतीय मध्यक्रम में एक और मजबूत कड़ी बनकर उभरे केदार जाधव को भी 8 स्थान का फायदा हुआ है। वह अब 35वें स्थान पर आ गए हैं। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने अपना पहला स्थान कायम रखा है। आखिरी दो मैचों में कोहली को आराम दिए जाने के बाद कप्तान की जिम्मेदारी संभालने वाले रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं। रोहित के सालमी जोड़ीदार शिखर धवन 744 अंकों के साथ 10वें स्थान पर हैं।

## आज का राशिफल

मेष:- आज दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। परिवारजनों के साथ बैठकर आप महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। घर की साज-सज्जा में आपको परिवर्तन करने की इच्छा होगी। ऑफिस या व्यवसाय क्षेत्र में अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर सकते हैं।

वृषभ:- नए कार्य की प्रेरणा मिलेगी और आप उन्हें प्रारंभ कर पाएंगे। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। लंबे प्रवास का योग है। दूर स्थित स्नेहीजनों या मित्रों के शुभ समाचार मिलेंगे।

मिथुन:- नए कार्य का प्रारंभ हो सके तो टालें। क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा। खर्च अधिक होगा। आर्थिक मामलों में संभलकर चलें, परेशानी हो सकती है। निषेधात्मक विचारों से दूर रहिएगा। आध्यात्मिकता और ईश्वर की प्रार्थना से राहत मिलेगी।

कर्क:- वैभवपूर्ण जीवनशैली तथा मनोरंजक प्रवृत्तियों से आज आप आनंदित रहेंगे। व्यावसायिक क्षेत्र में आपको लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

सिंह:- आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ वाणी में संयम बरतिएगा जिससे संघर्ष टाल सकेंगे। दैनिक कार्य में विघ्न आ सकते हैं।

कन्या:- आज के दिन आपको किसी भी तरह के कलह और विवाद से दूर रहना चाहिए। आकस्मिक खर्च की संभावना है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में बाधाएं आएंगी। प्रियजनों के साथ हुई मुलाकात से मन आनंदित होगा।

तुला:- आज का दिन आपके लिए शुभ है। मन में संवेदनशीलता की मात्रा अधिक रहेगी। शारीरिक स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मानसिक व्यग्रता रहेगी। धन और कीर्ति की हानि हो सकती है।

वृश्चिक:- आज पूरे दिन आप प्रसन्न रहेंगे। किसी नए कार्य का प्रारंभ कर पाएंगे। साथियों से सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी। मित्रों व स्वजनों से मुलाकात हो सकती है।

धनु:- आप का दिन मिश्रित फलदायी है। असमंजस के कारण निर्णय लेना कठिन होगा। मन में व्यग्रता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो इसका ध्यान रखिएगा।


मकर:- आज प्रत्येक कार्य सरलता से पूर्ण होगा। कार्यालय में तथा व्यावसायिक स्थल पर आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पदोन्नति के योग हैं। गृहस्थजीवन में आनंद का वातावरण रहेगा।

कुंभ:- स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहें। कोर्ट-कचहरी के झंझट से दूर रहें। अनुचित स्थान पर पूंजी-निवेश न हो इसका ध्यान रखिएगा। परिवार के सदस्य विरोधी व्यवहार कर सकते है। क्रोध पर संयम रखिएगा।

मीन:- आज आप पारिवारिक तथा सामाजिक बातों में विशेष लिप्त रहेंगे। मित्रों से मुलाकात होगी और उनके पीछे खर्च करना पड़ेगा। रमणीय स्थान पर प्रवास-पर्यटन की संभावना है।

# सरसों वाली पत्तागोभी

ताज़ी, हरी-पत्तेदार सब्जियां हमेशा से ही सेहत के लिए फायदेमंद होती हैं लेकिन इन्हें खाना हर किसी की बात नहीं तो कैसे इनके साथ एक्सपेरिमेंट्स करके बढ़ा सकते हैं जायका, जानेंगे यहां।



### सामग्री :-

1 टेबलस्पून सनफ्लॉवर ऑयल, 1 हरी मिर्च, 2 टेबलस्पून काली सरसों के दाने, 1 टीस्पून जीरा, 1 बारीक कटी पत्तागोभी, 1 टीस्पून जीरा पाउडर, 2 सूखी लाल मिर्च, 2 बारीक कटे टमाटर, 2 टेबलस्पून धनिया, 1 टेबलस्पून नारियल कटा हुआ, 1 नींबू का रस, 1 फ्राइड एग, 1 टीस्पून कलौंजी

### विधि :-

कड़ाही में तेल डालें। हरी मिर्च, सरसों दाने, जीरा और प्याज डालकर अच्छी तरह भूनें।
पत्तागोभी, हल्दी, जीरा पाउडर, लाल मिर्च और टमामटर डालकर टॉस करें।
करीब 150 मिलीलीटर पानी डालें। बचे मसाले डालें।
अच्छी तरह भून जाने के बाद प्लेट में निकालें। ऊपर से फ्राइड एग रखकर गर्मागर्म सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 69

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रामाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 68 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| वा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | |

## सू-दोकू-69

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 68 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |